महत्वपूर्ण एवं खास

नाबालिग तमिलनाडु से बरामद, एक आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद (आरएनएस)। पटेवा थाना क्षेत्र से अपहृत नाबालिग को 07 घण्टे के अन्दर जिला पुलिस ने तमिलनाडू से बरामद कर आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार पटेवा थाना में सोमवार को एक नाबालिग के अपहरण का केस दर्ज हुआ। पुलिस को सूचना मिली कि नाबालिग को संदेही नरतोरा निवासी दुर्गेश विश्वकर्मा द्वारा बहला फुसलाकर भगाकर ले जाकर तमिलनाडु कोयम्बटुर में रखा है। थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर ने पहले से उक्त राज्य में पतासाजी के लिए गए टुहलू चौकी स्टाफ से संपर्क कर अपहृता एवं संदेही की फोटो भेजा। पुलिस टीम ने कोयम्बटुर से नाबालिग को संदेही दुर्गेश विश्वकर्मा के कब्जे से बरामद किया। संपूर्ण कार्रवाई पटेवा प्रभारी कुमारी चंद्राकर के मार्गदर्शन में थाना पटेवा पुलिस एवं चौकी टुहलू स्टाफ शामिल रहा।

दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने डैम गया था युवक, गहरे पानी में डूबने से हुई मौत

कांकेर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के शहर के नजदीक मन केसरी डैम में दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई। युवक का शव 14 घन्टे के बाद बरामद किया गया है। मृतक का नाम फरीद कुरैशी बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार बीती शाम शहर के राम नगर निवासी फरीद कुरैशी अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने मन केसरी डैम गया था, तभी नहाने के दौरान पत्थर से उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में डूब गया। फरीद के दोस्तों ने तत्काल इसकी सूचना उसके परिजनों और पुलिस को दी। इसके बाद देर रात तक डैम में गोताखोरों की टीम तलाश करती रही लेकिन सफलता नहीं मिली। गुरुवार सुबह फिर से गोताखोरों की टीम ने सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद शव बरामद कर लिया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।

तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने 08 आवारा मवेशियों को रौंदा

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के गीदम के तुमनार में सीडब्ल्यूसी कार्यालय के सामने मुख्य मार्ग पर बैठे 08 आवारा मवेशियों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन के द्वारा रौंदने के बाद फरार हो गया। इस घटना में 06 गायों की मौके पर ही मौत हो गई तथा 02 घायल गाय की स्थिति गंभीर है। स्थानीय ग्रामीण सुखराम और बलराम ने जब आज सुबह सडक़ में मेवेशियों के शव देखे तो उन्होंने पहले घायल गायों को उपचार के निकटस्थ पशु चिकित्सालय पहुंचाया उसके बाद मृत मवेशियों को सडक़ से हटाया। गौरतलब है कि शहर व गांव की सडक़ों व गली, मोहल्लों में घूमने वाले आवारा मवेशियों को पकडक़र गोठान में रखा जाना है, लेकिन इस ओर ध्यान ही नहीं देने का दुष्परिणाम है कि 06 गायों की मौत के रूप में सामने आया है। सडक़ों में आवारा मवेशियों की मौजूदगी की समस्या बस्तर संभाग में लगभग हर क्षेत्र में देखने को मिलता है। बारिश होने पर आवारा मवेशी सडक़ पर सूखे स्थान पर बैठ जाते हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

बुद्ध जयन्ती पर्व 16 को, मांस - मटन विक्रय रहेगा प्रतिबंधित

रायपुर (आरएनएस)। सम्पूर्ण नगर पालिक निगम रायपुर के परिक्षेत्र में बुद्ध जयन्ती पर्व दिनांक 16 मई 2022 को मांस - मटन का विक्रय पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेगा. इस सम्बन्ध में छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के परिपालन में नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य अधिकारी श्री विजय पाण्डेय ने रायपुर नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुद्ध जयन्ती पर्व दिनांक 16 मई 2022 को रायपुर नगर पालिक निगम के सम्पूर्ण परिक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं समस्त मांस - मटन विक्रय की दुकानों को बंद रखे जाने का आदेश जारी किया है. नगर पालिक निगम के स्वास्थ्य अधिकारी श्री विजय पाण्डेय ने बताया कि बुद्ध जयन्ती पर्व दिनांक 16 मई 2022 को किसी भी दुकान में मांस - मटन विक्रय करते पाये जाने पर मांस - मटन जप्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

छग में तेज हवाओं के साथ हो सकती है, झमाझम बारिश

रायपुर (आरएनएस)। चक्रवात असानी के प्रभाव से बुधवार को राजधानी रायपुर समेत प्रदेश भर में बादल छाए रहे। इसके चलते प्रदेश के विभिन्ना क्षेत्रों के अधिकतम तापमान में आठ डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। राजधानी रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री और जगदलपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री कम रहा।

मौसम विभाग का कहना है कि आज गुरुवार को भी प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की बारिश के साथ ही गरज-चमक के साथ छींटे पड़ सकते है। साथ ही अधिकतम व न्यूनतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। हालांकि कल अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी संभावित है।

बुधवार सुबह से ही राजधानी रायपुर समेत प्रदेश भर में बादल छाए रहे। प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में बादल छाने के साथ ही तेज हवाएं भी चली। इसके चलते लगातार बढ़ रही गर्मी से थोड़ी राहत भी रही। मौसम विभाग का कहना है कि शुक्रवार से तापमान में बढ़ोतरी के आसार है। रायपुर का अधिकतम तापमान 37.8 डिग्री सेल्सियस रहा,जो सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस कम रहा।

इसी प्रकार जगदलपुर का अधिकतम तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस कम रहा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान एडब्ल्यूएस महासमुंद में 39.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

पांच किलो का आईईडी बरामद, बीडीएस की टीम ने किया निष्क्रिय

❑ जवानों को नुकसान पहुंचाने माओवादियों ने लगाया था बम

बीजापुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के बीजापुर में फिर एक बार नक्सलियों की करतूत सामने आई है मिली जानकारी के अनुसार जिले के नेलसनार थाना क्षेत्र में जिला बल और सीआरपीएफ 165 बटालियन की संयुक्त पार्टी आईईडी लगाने की सूचना पर गश्त सर्चिंग/ डिमाईनिंग पर निकली थी। इसी दौरान ग्राम फुंडरी में इंद्रावती निर्माणाधीन पल के पास बंगोली की ओर जाने वाले मार्ग पर माओवादियों द्वारा लगाए गए 5 किग्रा का प्रेशर कुकर आईईडी बरामद किया गया। जिसे बीडीएस की टीम ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया। घटना स्थल की सर्चिंग जारी है।

किसान की हत्या से इलाके में सनसनी : जांच में जुटी पुलिस

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से सटे मंदिर हसौद थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना प्रकाश में आई है। एमएमफन सिटी के पास देर रात अज्ञात व्यक्ति ने किसान की हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने मामला दर्ज कर जाँच शुरू कर दिया है। आशंका तो यह भी जताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश के चलते किसान की हत्या हुई है। मिली जानकारी के अनुसार किसान दिनेश ठाकुर का शव घर में ही बिस्तर पर पाया गया। सुबह घर वालो बस्तर में खून से लथपत पाया। इसके बाद पुलिस को जानकारी दी गई। मृतक के सिर पर वजन दार चीज से हमला किया गया है। मंदिर हसौद थाना पुलिस और फॉरेंसिक की टीम जाँच कर रही है।

खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली गई

कोरबा। मोक्षदा एकदाशी पर आज 12 मई की सुबह शहर में श्याम मित्र मंडल के तत्वाधान में खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा निकाली गई। निशान यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह देखने को मिला। निशान यात्रा श्याम भक्त भीखम केडिया के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्रतिष्ठान हिंदुस्तान मोटर्स एंड ट्रैक्टर्स से मिशन रोड स्थित श्याम मन्दिर तक निकाली गई। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्याम ध्वज लेकर शामिल हुए और पदयात्रा की। नगर में भाव विभोर होकर लोगों ने पदयात्रियों का स्वागत किया।

इस दौरान निशान यात्रा में बाबा की झलक पाने के लिए राहगीर भी लालायित हो रहे थे। श्याम मंदिर में निशान चढ़ाते हुए भक्तो ने श्याम बाबा के दर्शन किये। इस निशान यात्रा में नगर की सैकड़ों महिलाओं सहित युवा श्रद्धालु लाल, पीले ध्वज निशान लेकर भक्तगण श्याम गुणगान करते हुए शामिल हुए। साथ ही श्याम जी की आकर्षक झाँकी भी निशान यात्रा में निकाली गई।

83 योजना और 14251 हैण्डपंपों के माध्यम से होगा जल उपलब्ध

कोरबा। कोरबा जिले की शहरी और ग्रामीण आबादी को शुद्ध और साफ पेयजल उपलब्ध हो सके, इसके लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बेहतर तरीके से काम कर रहा है। सरकार के द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का उपयोग योजनाओं को क्रियान्वित करने में किया जा रहा है। 83 नल जल योजना और 14251 हैंडपंप के माध्यम से वर्तमान में लोगों को जल उपलब्ध कराना सुनिश्चित हो रहा है। इसके अलावा कुछ ग्रामों में सौर ऊर्जा से चलने वाली नल जल योजनाओं का लाभ भी लोगों को मिल रहा है।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कोरबा स्थित कार्यपालन अभियंता अनिल कुमार ने बताया कि कोरबा जिले में कई इलाकों को पानी देने के लिए हमारे विभाग ने 102 स्थानों पर नल जल योजना का क्रियान्वयन किया हुआ है। वर्तमान स्थिति में 83 योजनाओं का संचालन हो रहा है जबकि तकनीकी कारणों से 15 इकाइयां बंद है। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 14375 हैंडपंप स्थापित किए गए हैं। अब तक की स्थिति में 14251 क्रियाशील हैं जबकि 125 हैंड पंप बंद है। शेड्यूल के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में परीक्षण के साथ ऐसे हैंडपंपों की पहचान हमारा मैदानी अमला करता है और इसी के साथ तकनीकी सुधार का काम किया जाता है। कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कोरबा जिले में केंद्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना के अंतर्गत 434 ग्रामों को पानी उपलब्ध कराने के लिए ग्रुप स्कीम तैयार की गई हैं। जिन स्थानों पर वाटर लेबल अच्छा नहीं हैए वहां के लिए संबंधित क्षेत्रों को नदी से जोडऩे की योजना है। शुरुआती प्रक्रिया पूरी होने के बाद इस दिशा में आगे का काम लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग करेगा। इसके क्रियान्वयन से हम बहुत बड़े हिस्से में लोगों को शुद्ध और स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने में सफल होंगे। बताया गया कि कोरबा जिले में कुछ स्थानों पर फ्लोराइड और आयरन की मात्रा पानी के साथ प्राप्त होने की शिकायतें मिल रही थी। इस स्थिति में हमने रिमूवल ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया है और वर्तमान स्थिति में किसी भी क्षेत्र में इस प्रकार की समस्या नहीं है।

बिंझरा में सब्जी बाड़ी को उजाड़कर हाथियों का दल पहुंचा अमलडीहा पहाड़

कोरबा। वन मंडल कटघोरा के तीन रेंज पसानए केंदई व जटगा में बड़ी संख्या में हाथियों का दल विचरण कर रहा है। इन हाथियों के विचरण से क्षेत्रवासी काफी परेशान है। इन्हीं में से सात हाथियों के दलने जहां मंगलवार की शाम पसान रेंज के चोटिया चिरमिरी मुख्य मार्ग पहुंचकर जाम लगा दिया था इस जाम में पाली तानाखार विधायक मोहित केरकेट्टा का काफिला घंटो फंसा रहा। बाद में सूचना दिये जाने पर वन अमला मौके पर पहुंचा और हाथियों को खदेड़ा वन अमले द्वारा खदेड़े जाने पर हाथी जंगल की ओर गए हाथियों के जाने पर आवागमन सामान्य हुआ वहीं विधायक केरकेट्टा अपने काफिले के साथ गंतव्य की ओर रवाना हुए। वहीं बुधवार की रात 9 हाथी जटगा वन परिक्षेत्र के बिंझरा गांव में पहुंच कर 4 ग्रामीणों के बाड़ी को उजाड़ दिया जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। हाथियों ने बाड़ी में लगे सब्जी के पौधो को पूरी तरह तहस नहस कर दिया आज सुबह जानकारी होने पर वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और नुकसानी का आकलन करने के साथ रिपोर्ट तैयार की बिंझरा गांव में उतपात मचाने के बाद हाथियों का दल अमलीकुंडा के रास्ते अमलडीहा पहाड़ पहुंच गया। आज सुबह हाथियों को यहां पर देखा गया। वन विभाग सूचना दिये जाने पर उसके द्वारा हाथियों की निगरानी की जा रही है। उधर कटघोरा डिविजन के केंदई रेंज में 23 हाथी अभी भी विचरण रत है। इसमें से 15 हाथी लाल पुर परिसर व 8 कोरबी के जगंल में मौजूदहै। हाथियों की लगातार उपस्थिति से क्षेत्रवासी हलाकान है।

पाली पुलिस द्वारा की गई चलित थाना का आयोजन

❑ मौके पर ही लोग अपनी समस्याओं का करा रहे निराकरण

कोरबा। पुलिस अधीक्षक महोदय कोरबा भोज राम पटेल के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय अभिषेक वर्मा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ईश्वर त्रिवेदी के मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में आने वाले सुदूर अंचल एवं देहात क्षेत्र में जाकर लोगों की समस्याओं को सुनकर मौके पर निराकरण करने वाली समस्याओं का निकाल करें।

इसी तारतम्य में थाना पाली क्षेत्र में थाना प्रभारी पाली अनिल पटेल के नेतृत्व में 10 मई 2022 को क्रमश: ग्राम पौलमी में चलित थाना शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें मौके पर लोगो से गांव की समस्याओं को जाना एवं सुना गया लोगों को साइबर फ्रॉड फर्जी कॉल अनजान लिंक को ना खोलें अनजान व्यक्ति के फेसबुक पर फ्रेंड रिक्वेस्ट को एक्सेप्ट ना करने लॉटरी लगने के लालच देकर हैकर्स द्वारा भेजे जा रहे हैं मैसेज और फोन कॉल्स पर ध्यान ना देना स्वयं जागरूक रहने आसपास को जागरूक करने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देने घरेलू हिंसा पोक्सो एक्ट टोनही प्रताडऩा अधिनियम यातायात नियमों के पालन करने आदि संबंधी जानकारी गांव वालों को दी गई इसके अतिरिक्त ग्रामीण स्तर पर जो समस्याएं हैं उनको सुना गया तथा समस्याओं का निकाल की गई।

हसदेव अरण्य से कटाई का विरोध, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन

महासमुंद (आरएनएस)। कोयले की खुदाई के लिए हसदेव जंगल की कटाई के विरोध में छत्तीसगढिय़ा क्रांति सेना ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि राज्य के विभिन्न पांचवी अनूसूचित जिलों में सैकड़ों वर्ग किलोमीटर में फैले अत्यंत सघन जंगल हसदेव अरण्य के सैकड़ों साल पुराने वृक्षों को रात के अंधेरे में निर्ममतापूर्वक काटा जा रहा है। जीवनदायिनी हसदेव नदी की घाटियों में विस्तृत इन अत्यंत घने जंगलों को देश के प्रकृति विज्ञानी भारत के मुख्य श्वसन अंग फेफड़े की उपाधि देते हैं। जंगलों को महज जमीन के नीचे दबे कोयलों के लिए एवं निजी खनन कंपनियों को मुनाफा पहुंचाने के लिए काटा जा रहा है। ऐसे में हसदेव के जंगलों में हजारों वर्षों से निवासरत मूल निवासियों, लाखों वनचरी, जीव जंतुओं, फ्लौरा-फौना, इको सिस्टम के ऊपर जीवन-मृत्यु का भयावह खतरा मंडराने लगा है। साथ ही हसदेव के जंगल और पहाड़ कोरबा, जांजगीर, सक्ती, बिलासपुर जैसे अनेक जिलों के कृषि एवं ग्राम्य-शहरी पेयजल की प्राणदायिनी हसदेव-बांगो बांध परियोजना के मुख्य वाटर कैचमेंट एरिया है। यहां खनन होने से प्राकृतिक जल मार्ग नष्ट हो जाएंगे। हसदेव अरण्य क्षेत्र के भीतर जैव विविधता से भरी प्राकृतिक संपदाएं हैं, संरक्षित आदि संस्कृतियां हैं, विलुप्ति की कगार पर खड़ी प्रजातियाँ है, यहाँ के जंगल पर्वतों में मूलनिवासियों के अनेक देवस्थल और देवी देवता हैं, ये सब इन्हीं कोयला खदानों में हमेशा के लिये समा जाएंगे। केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा भारतीय संविधान की खुलेआम हत्या की जा रही है। ऐसे में खनन का विरोध छत्तीसगढ़ के मूलनिवासियों द्वारा किया जा रहा है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

जलस्तर कम होने से नगरीय निकाय क्षेत्रों में पानी की समस्या

कोरबा। जीवन के लिए जल जरूरी माना गया है और गर्मी के सीजन में इसकी उपयोगिता और ज्यादा बढ़ जाती हैं औद्योगिक जिले कोरबा के नगरीय निकाय क्षेत्रों में अलग-अलग कारणों से कुछ स्थानों पर पानी की किल्लत पैदा हो गई है। आलम ऐसे हैं कि पानी के लिए ना केवल मारामारी हो रही है बल्कि लोगों को सडक़ पर उतरना पड़ रहा है। इसको देखते हुए कई स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। नगरपालिका क्षेत्र दीपिका और कटघोरा में ऐसे स्थानों पर लोगों को पानी देने के लिए टैंकर की व्यवस्था की गई है।

कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अपवाद के तौर पर कुछ इलाकों को छोड़ दिया जाए तो शेष में जलस्तर अभी भी बेहतर बना हुआ है। जल संरक्षण और पर्यावरण को लेकर लोगों के ध्यान देने के कारण इस तरह की स्थिति यहां पर कायम है जबकि शहरी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर हालात अच्छे नहीं हैं। म्युनिसिपल कारपोरेशन कोरबा में फिलहाल कहीं भी वैकल्पिक प्रयासों की जरूरत महसूस नहीं की गई है लेकिन जिले के दो नगरपालिका क्षेत्रों में जल आपूर्ति को लेकर अधिकारियों ने स्थिति सामान्य नहीं होने की बात की है। दूसरे क्षेत्रों की तरह यहां भी नल जल योजनाके माध्यम से लोगों को पानी की आपूर्ति कराई जा रही है। इस बात पर संतोष जताया जा रहा है कि गर्मी के बावजूद प्रतिदिन जल आपूर्ति की जानी संभव हुई है हालांकि जलस्तर कम होने से समस्याएं पेश आ रही हैं। नगर पालिका परिषद कटघोरा और दीपिका क्षेत्र में समस्या ग्रस्त इलाकों की बात करें तो यहां पानी को लेकर परेशानी ज्यादा है और इसे हासिल करने के लिए इस गर्मी के सीजन में लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। सूर्योदय से पहले ही लोगों का जागरण हो रहा है और वे अपनी आवश्यकता की पूर्ति के लिए मेहनत करने को मजबूर हैं।

कटघोरा में सुरबहार इलाके में पानी नहीं मिलने के कारण लोग काफी परेशान हैं। भौगोलिक संरचना के कारण यहां तक पानी पहुंचाने में काफी समस्या पेश आ रहे हैं। ऐसे में लोगों ने पिछले दिनों सडक़ पर चक्का जाम करने के साथ नगर पालिका अध्यक्ष के निवास के सामने प्रदर्शन किया था। इसके बाद वैकल्पिक तौर तरीके अपनाए गए। नगर पालिका परिषद के अंतर्गत अधिकांश क्षेत्रों में जल आपूर्ति रूप से कराई जा रही है। प्राकृतिक कारणों से जलस्तर कम हुआ है और इससे समस्या पैदा हुई हैं इसलिए जलापूर्ति को सामान्य नहीं कह सकते। महेशपुर और सुरबहार क्षेत्र में नल जल योजना नहीं पहुंच सकी है इसलिए वहां टैंकर के जरिए जलापूर्ति कर रहे हैं। जल संरक्षण और पर्यावरण की बेहतरी के लिए लोगों को जागरूक करेंगे। नए भवन निर्माण के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग को हमने अनिवार्य किया हुआ है। नगर पालिका परिषद दीपिका के अंतर्गत अधिकांश क्षेत्रों में लोगों को पानी की आपूर्ति सहज तरीके से की जा रही हैं और इसे लेकर कोई दिक्कत नहीं है। एंक्रोचमेंट वाले क्षेत्र ज्योति नगर और कृष्णा नगर में पानी को लेकर परेशानी को देखते हुए टैंकर से आपूर्ति कराई जा रही हैं।